झुक गए बड़े बड़े सरदार | by Vijay Soni

झुक गए बड़े बड़े सरदार तेरी मोरछड़ी के आगे
तेरी मोरछड़ी के आगे, तेरी मोरछड़ी के आगे
झुक गए बड़े बड़े सरदार...........

राजा को रंक बनादे, निर्धन को सेठ बनादे
झुक गए बड़े बड़े साहूकार तेरी मोरछड़ी के आगे
झुक गए बड़े बड़े सरदार...........

चाहे कोई आँख दिखाए चाहे कोई शान दिखाए
टूटा अहंकार हर बार तेरी मोरछड़ी के आगे
झुक गए बड़े बड़े सरदार...........

चाहे कोई घात लगाए, चाहे प्रतिघात लगाए
कट गयी बड़ी बड़ी तलवार तेरी मोरछड़ी के आगे
झुक गए बड़े बड़े सरदार...........

सूरज तेरी महिमा गाये चरणों में शीश झुकाये
झुक गया कलयुग में संसार तेरी मोरछड़ी के आगे
झुक गए बड़े बड़े सरदार...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9d%e0%a5%81%e0%a4%95-%e0%a4%97%e0%a4%8f-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-vijay-soni/